कोह-माण-जिम्ह-लोह - कसायभावादो हीणा अयला।
अण्णकसायवज्जिदा, पणमामि णिरंजणासिद्धा।।8।।
खओवसमिग-ओदइय-उवसमिग-भावादु रहिदा णिच्चा।
खइयभावसहिदा चिय, सव्वसिद्धा णमंसामि हं।।9।।
सम्मत्त - णाण - दंसण - वीरिय - सुहुमत्तवगाहणत्तेहिं।
अगुरुलहु - अव्वाबाह - गुणजुत्ता पणमामि सिद्धा।।10।।
बावण्णप्पइडिणूण - बेसयप्पइडिविहीणासुद्धाय।
अंतातीदगुणजुदा, णमंसामि णिरुवमा सिद्धा।।11।।
णिक्कम्मा चिय पणविह - संसारहीणा देहविहीणा हु।
गमणागमणविहीणा, जम्ममरणविहीणा वंदे।।12।।

इच्छामि भंते सिद्धभत्तीए काउसग्गं कडुअ भत्तिजणिददोसा आलोयमि। दव्वभावणोकम्महीणे सम्मत्ताइ-अट्ठमूलगुणजुत्ते अणंतोत्तरपज्जायसहिदे, लोयग्गठिदे सव्वसिद्धे सया णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

विधान प्रारंभ

श्री कलिकुण्ड पार्श्वनाथ विधान

॥ स्थापना ॥

(छंद-हरिगीतिका)

(चाल-नवदेवताओं की सदा जो....)

हे पार्श्वनाथ जिनेन्द्र तुमको नमन बारम्बार है।
सन्मार्ग मुझको दे दिया तेरा बहुत उपकार है॥
पूर्ण श्रद्धा भक्ति से तुमको बुलाता हूँ प्रभो।
आकर विराजो मम हृदय में हो निकट मेरे विभो॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्र! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननम्।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं॥

अष्टक

(छंद-शंभू)

(चाल-हे गुरुवर शाश्वत...)

उज्ज्वल क्षीरोदधि सम जल ले, तेरे चरणों में आया हूँ।
मम भाव विमल हों मन निर्मल हो, यही भावना लाया हूँ।
श्री पार्श्व प्रभु की पूजन से, मन निर्विकल्प हो जाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है॥

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा॥1॥

बावन शीतल चंदन तो बस, तन का आताप मिटाता है।
चिंतामणि प्रभुवर का चिंतन, भव-भव का ताप मिटाता है।।
चंदन तव चरण चढ़ाता हूँ, यह मन शीतल हो जाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

सब विषय भोग तेरे मन को, आकर्षित कर-कर के हारे।
अक्षय सुसौख्य पद प्राप्त किया, हो गए जगत् से तुम न्यारे।।
अक्षत चरणन जो भेंट धरें, अक्षय पद वो पा जाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

भोगों में फँसकर हे प्रभुवर, चारों गति में भरमाए हैं।
अब काम वासना को तजने, तेरे चरणों मे आए हैं।।
पुष्पों को अर्पित करने से, यह काम रोग मिट जाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

नानाविधि पकवानों ने तो, क्षणभर की भूख मिटाई है।
पर शांत हुआ ना मन इससे, तृष्णा बढ़ती ही पाई है।।
नैवेद्य तुमे अर्पित करता, भव-भव की भूख मिटाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! क्षुधादिरोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

अज्ञान तिमिर में भटक रहा, तुम तो ठहरे केवलज्ञानी।
सद्मुक्ति मार्ग को दिखला दो, हे पार्श्व प्रभो अन्तर्यामी।।
यह दीप समर्पित करता हूँ, मोहान्धकार नश जाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

हे कर्मबली हे मदमर्दक, कर्मों का क्षय कर डाला है।
इन कर्मों से प्रभु बचने का, तेरा ही एक सहारा है।।
शुभ धूप दशांगी खेता जो, वह आठों कर्म जलाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

तुम जिस वसुधा पर संस्थित हो, उस वसुधा को मैं भी चाहूँ।
पा शाश्वत सिद्ध रूप अब मैं, तेरे अन्दर ही बस जाऊँ।।
श्रीफल प्रभु चरण चढ़ाता हूँ, जो चिंतित फल का दाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री कलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! महामोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

है नहीं वस्तु अनमोल प्रभु, तुमको जु समर्पित मैं कर दूँ।
अब अर्घ बनूँ स्वयमेव स्वयं को, चरणों में अर्पित कर दूँ।।
करता जो तव पूजन अर्चन, शाश्वत पद को पा जाता है।
पापों का क्षय होता क्षण में, अरु पुण्य हि बढ़ता जाता है।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री श्रीकलिकुंड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय! अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

जय माला

(छंद - शंभू) (तर्ज-हे चंद्रप्रभु...)

हे पार्श्वप्रभो अन्तर्यामी, तब पूजन करने आया हूँ।
तुम जैसा ही प्रभु बनने की, यह शुद्ध भावना लाया हूँ।।

तेरी महिमा का गान प्रभू, शब्दों में कैसे कर सकता।
बतलाओ क्या गूँगा चखकर, फल का आस्वाद बता सकता।।

जब मयूर ध्वनि सुन सर्पों के, बंधन ढीले पड़ जाते हैं।
तेरे क्षण भर के चिंतन से, कर्मन बंधन खुल जाते हैं।।

संकट मोचन तव पूजन से, संकट सारे टल जाते हैं।
कलिकुण्ड पार्श्व की पूजन से, ग्रह क्लेश सभी गल जाते हैं।

त्रैलोक्यपती तव भक्त कभी, भव दुःख कहीं ना पाते हैं।
तेरे दर्शन से पलभर में, जीवन के शूल हट जाते हैं।।

भवभय हर्ता सब सुख कर्ता, सबके दुख को हर लेते हो।
अपने भक्तों को आप प्रभो, अपने समान कर लेते हो।।

हे पार्श्वनाथ तव पूजन ही, भव-भव की पीड़ा हरती है।
हे नाथ तिहारे भक्तों को, फिर मुक्ति रमा आ वरती है।।

बहु पुण्यवंत होते नर वे, तव पूजन का अवसर मिलता।
तव पाद पद्म के गुण गाएँ, कैसा भी संकट सब टलता।।

दस भव के बैरी को भी प्रभु, तूने इस भव से तारा है।
फिर मैं तो चरणों का सेवक, मैंने तुमको चित धारा है।।

मेरी विनती तव चरणों में, तेरे में ही मैं रम जाऊँ।
जब तक ना छूटूँ इस भव से, तुम चरणों में ही बस जाऊँ।।

ॐह्रीं अर्हं श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय जयमाला पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

॥प्रथम वलयोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

प्रथम वलय

अष्टप्रातिहार्यों के अर्घ

(तर्ज-रे मन भज ले...)

तेरी संगत से प्रभु जी, सब जीव नित्य सुख पाएँ।
वह शोक रहित हो वृक्षा, तव ही अशोक बन जाए॥

ॐ ह्रीं अर्हं अशोकतरु-सत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

सिंहासन तेरा जिनवर, चित्रित मुक्ता मणियों से।
स्वर्णिम तव तन की आभा, चमके गिरि रवि किरणों से॥

ॐ ह्रीं अर्हं सिंहासनसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

छत्रत्रय शोभित सिर पर, नित ये दर्शाते प्रभुवर।
तुम तीन भुवन के स्वामी, त्रैलोक्यपति तुम जिनवर॥

ॐ ह्रीं अर्हं छत्रत्रयसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

भामण्डल पीछे सुंदर, हो जीव अचंभित लखकर।
भव सात झलकते इसमें, चलते सु भव्य शिवपथ पर॥

ॐ ह्रीं अर्हं भामण्डलसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

शिवपथ को दर्शाते हैं, तव दिव्य वचन हे जिनवर।
अमृतमयी वाणी तेरी, करती सबका दिग्दर्शन॥

ॐ ह्रीं अर्हं दिव्यध्वनिसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

अर्हंत देव के चहुँदिश, पुष्पों की करें सुर वृष्टि।
होते जगजन आनंदित, प्रमुदित हो नाचती सृष्टि॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुरपुष्पवृष्टिसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

भक्ति सेवा में प्रभू की, यक्षाधिप चँवर ढुराते।
कर्मों का बंधन टूटे, बस यही भावना भाते॥

ॐ ह्रीं अर्हं चामरसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

जिनदेव प्रभू की जय-जय, हो जिन शासन की जय-जय।
बज रही गगन में प्रभु जी, भेरी तव यश की अक्षय॥

ॐ ह्रीं अर्हं दुंदुभिसत्प्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

दोहा

प्रातिहार्य वसु जान ये, नित मंगल सुखदाय।
पार्श्वप्रभो की पूज से, रोग शोक मिट जाय॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टप्रातिहार्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

।।द्वितीय वलयोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

द्वितीय वलय

सोलह कारण भावना के अर्घं

(तर्ज-नवदेवता पूजन)

दर्शन विशुद्धी भावना सब सद्गुणों की खान है।
शुभ तीर्थ पद पाने को प्राणी, यह प्रथम सोपान है।

नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं दर्शनविशुद्धिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

सम्पूर्ण दोषों का विनाशक, धर्म का यह मूल है।
पाऊँ विनय सम्पन्नता भव-उदधि का यह कूल है।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं विनयसम्पन्नताभावना तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

सु शीलव्रत शिवपथ का वाहन, देय सुख अविराम है।
उन शीलव्रत धर धारी की सुमहिमा, का करें सुरगान है।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं शीलव्रतेष्वनतिचारभावना - तीर्थंकर - नामकर्मस्य कारण भूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

सब झंझटों को छोड़ श्रुत, आधार जिसने पा लिया।
रत हो निरंतर श्रुत मनन में, चित्त को निर्मल किया।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं अभीक्ष्णज्ञानोपयोगभावना - तीर्थंकर - नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

शुभ भावना संवेग भाकर के, निजातम लख लिया।
संसार सुखतन अथिर लखकर, भोग को भी तज दिया।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं संवेगभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल - संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

इक बीज से फल बहुत हों यूँ, त्याग से बहु सुख कहा।
यह कल्पतरु सम फल प्रदाता, वेद आगम में कहा।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं शक्तितस्त्याग-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

सब जिनवरों सब गणधरों का, श्रेष्ठ गुण तप है कहा।
है मोक्ष का पाथेय तप ही, इस बिना सुख किमि कहा।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं शक्तितस्तपभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

मुनिराज के तप में यदि कभी, विघ्न आता हो कहीं।
तन मन वचन से दूर करना, भावना अष्टम सही।।
नश्वर क्षणिक संसार में अब, है नहीं कुछ चाहना।
अष्टम धरा पर जाने हेतु, पूजुँ सोलह भावना।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं साधुसमाधिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सब आधि-व्याधि को हटाकर, साधु सेवा जो करें।
वह बहुपकारी वैयावृत्ति, सर्व दुखसंकट हरें।।
शुभ-भावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं वैयावृत्तिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।9।।

अरिहंत प्रभु की भक्ति भव से, तारने को यान है।
बनता वही भगवान जिसका, भक्ति ही बस प्राण है।।
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं अर्हद्भक्तिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।10।।

आचार्य पंचाचार पालें, पंच अघ तजि के सदा।
उनके सभी वे शिष्यगण भी, धर्म ना भूलें कदा।।
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं आचार्यभक्तिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।11।।

सब अंग द्वादश पूर्व चौदह, जानते पाठक सुधी।
गुण प्राप्त हों शुभ भक्ति से, पढ़ते-पढ़ाते हैं गुणी॥
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है॥12॥

ॐ ह्रीं अर्हं बहुश्रुतभक्तिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥12॥

स्याद्वाद मयी वाणी प्रभु की, भक्ति से चित धारते।
वाणी सुनें उसमें रमें फिर, दुख न कोई पावते॥
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है॥13॥

ॐ ह्रीं अर्हं प्रवचनभक्तिभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥13॥

समता सु प्रत्याख्यान वंदन, आदि जो किरिया करें।
पाले षडावश्यक भविक वो, मोक्ष लक्ष्मी को वरें॥
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है॥14॥

ॐ ह्रीं अर्हं आवश्यकापरिहाणिभावना - तीर्थंकर - नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥14॥

विद्या सुपूजा ज्ञान से जिनमार्ग का उद्योत हो।
जिनदेव का शासन हमेशा, जगत् में जयवंत हो॥
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है॥15॥

ॐ ह्रीं अर्हं मार्गप्रभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

धर्मातमाओं में सभी वात्सल्य का झरना झरे।
निःस्वार्थ निर्मल प्रेम ऐसा, बच्छ को निज गौ करे।।
शुभभावना सोलह विमल ये, सकल सुख की धाम हैं।
मुक्ति सुवधू को प्राप्त करने, का प्रथम सोपान है।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं प्रवचनवत्सलभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

पूर्णार्घ्य

भगवान की ऊँकार ध्वनि से, गूँथ गणधर ने कही।
मुनिराज ने लिपिबद्ध करके, बात आगम में कही।।
जननी समा जिनतीर्थपद की, शुभ्र सोलह भावना।
गर चाहते हो मुक्ति को तो, नित्य इनको धारना।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं षोडशकारणभावना-तीर्थंकर-नामकर्मस्य कारणभूत च तस्य फल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

।।तृतीय वलयोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

तृतीय वलय

चौंतीस अतिशयों के अर्घ

(10 जन्म के अतिशय)

(छंद - शंभू)

(तर्ज-पार्श्वनाथ पूजन-पुष्पेन्दु कृत/हे गुरुवर शाश्वत...)

पुण्यातिपुण्य पूरित अणुओं से अतिशय सुंदर देह बने।
ऐसा अनुपम सौंदर्य प्रभू, शब्दों में कोई कह न सके॥
तीनों लोकों में ऐसा सुंदर, रूप कहीं ना पाता हूँ।
हे अतिशय सुंदर पार्श्वप्रभो, तुमको मैं शीश झुकाता हूँ॥1॥

ॐ ह्रीं अर्हं अत्यंतरूपातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।1।।

ऐसी सुंगध संदेह भरी, जो नभमंडल महकाती है।
फूलों की बगिया की सुरभी, उससे फीकी पड़ जाती है॥
चिंतामणि प्रभु संकटमोचन, तव कहीं पार ना पाता हूँ।
सर्वांग सुगंधित पार्श्वप्रभो, मैं तेरी महिमा गाता हूँ॥2॥

ॐ ह्रीं अर्हं सुगन्धिततन-रूपातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।2।।

कोई ऋतु हो कोई मौसम, वपु द्युति में कमी न आती है।
वर्षों बीते बीते युग-युग, सुंदरता बढ़ती जाती है।
साधारण मानव के तन पर, नित दिखता है जु पसेव कहीं।
तेरे अतिशयकारी तन पर, प्रभु! उस पसेव का लेश नहीं॥3॥

ॐ ह्रीं अर्हं स्वेदाभावरूपातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।3।।

पावन सोलह कारण भावन, भाकर तीर्थंकर प्रकृति गही।
न हो निहार इस तन से कभी, प्रभु ऐसी अतिशय देह लही॥
मल मूत्रादिक की उपज नहीं, प्रभु के निर्मल पावन तन से।
ऐसे पवित्र पारस प्रभु को, मैं वंदन करता हूँ मन से॥4॥

ॐ ह्रीं अर्हं निहाराभावातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।4।।

घर को छोड़ा नाता तोड़ा, दीक्षा ले ली अन्तर्यामी।
बहु वर्षों तक तप को करके, पद प्राप्त किया केवलज्ञानी।
तव समवशरण में हे प्रभुवर, खिरि दिव्यध्वनि तव कल्याणी।
तेरी प्रिय हितमित वाणी सुन, तर गए असंख्यातों प्राणी।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं हित - मित - प्रिय - वचनरूपातिशय - गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।5।।

हे पार्श्वप्रभू तुम महाबली, कोई बल वर्णन कर न सका।
जग में उपमा ना इस बल की, इसको कोई ना तौल सका।।
हो कल्पवृक्ष हो कामधेनु, हो शांतिविधाता सुखदाता।
तुम ही अतुल्य बलधारी प्रभु, तुम ही मेरे चित के त्राता।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं अतुल्यबलरूपातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।6।।

तीनों लोकों में जो अनंत गुण शरण में तेरी आ गए।
तुम ही में हे पारस प्रभु जी, वे सब गुण आकर समा गए।
तीनों लोकों के जीवों पर, अतिशय वत्सल जिनदेव रहा।
अतएव रुधिर ना लाल नील, उसका सूचक वह श्वेत रहा।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्वेतरुधिरातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।7।।

जो पूर्वभवों में पुण्य किया, उनसे शुभ चिह्न प्रकट होते।
वे पद्म चन्द्र शंखादि रूप से, अखिल देह में ही रहते।।
इक सहस आठ ये शुभ लक्षण, श्री तीर्थंकर में पाते हैं।
श्री धर्म धुरंधर परम गुरू, ऐसा संदेश सुनाते हैं।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं सहस्रअष्टोत्तर-शुभलक्षणयुक्त-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।8।।

सद्नाम कर्म के फल स्वरूप, संस्थान प्राणियों के होते।
तुम पुण्य से हो भरपूर प्रभु, शुभ समचतुरस्र युक्त होते॥
प्यारी आकृति सुंदर अवयव, ऐसे तन सहित प्रभो रहते।
अरु इस तन को भी छोड़ प्रभू जी, सिद्ध शिला में जा बैठे॥9॥

ॐ ह्रीं अर्हं समचतुरस्रसंस्थानरूपाकृति-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥9॥

वज्र के वेष्टन वज्र की कीली, और अस्थियाँ वज्र रूप।
शुभ वज्र वृषभ नाराचसंहनन, होता है अतिशय स्वरूप॥
संवर ने पारस प्रभु पर जब, ओले पत्थर जल बरसाए।
उसमें न डिगे और ज्ञान लहा, वह महिमा हम कैसे गायें॥10॥

ॐ ह्रीं अर्हं वज्रवृषभनाराचसंहनन-रूपातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥10॥

(10 केवलज्ञानातिशय के अर्घ)

(छंद - अडिल्ल)

(तर्ज - सोलह कारण भाए....)

नशा घातिया प्रभू विराजे हो जहाँ।
सौ योजन तक हो सुभिक्षता ही वहाँ।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से॥11॥

ॐ ह्रीं अर्हं एकाशतयोजन-सुभिक्षतारूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥11॥

पुण्य कोष हो अधिक भव्यजन का जहाँ।
करें केवली गगन गमन अतिशय महा॥

पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं गगनगमनरूप - कैवल्यातिशय - गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।12।।

इक ओर मुख कर बैठे केवलज्ञानी।
दिखते हैं चहुँ ओर अतिशय कल्याणी।।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्दिशमुखमण्डल-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

अदया भावों रहित केवली हों सदा।
जीव कष्ट या घात नहीं होवे कदा।।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं अदयाभावरूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।13।।

मानव हो, तिर्यंच, देवता वर्ग हो।
कर न सके यत्किंचित् भी उपसर्ग वो।।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं निरुपसर्गतारूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।15।।

क्षुधा भयानक रोग प्रभु उसको दहा।
न हो कवलाहारजिनागम में कहा।।

पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं कवलाहाराभावरूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।16।।

तीन लोक में जगह कहीं न पाई है।
विद्याएँ सब शरण आपकी आई हैं।।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वविद्याईश्वरत्वरूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।17।।

केवलज्ञानी का अतिशय कहते सभी।
नहीं केश नाखून बढ़ें उनके कभी।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं केशवृद्धिविहीनता-रूपकैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।18।।

नहीं नेत्र टिमकार नमन हो भक्ति से।
तुमे निहारूँ पल-पल अनिमिष दृष्टि से।।
पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनिमिषदृष्टिरूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।19।।

केवलज्ञानी प्रभु का अतिशय है सही।
परछांई जिनवर तन की पड़ती नहीं।।

पार्श्व प्रभु हमें मुक्त करें भव पीर से।
बनें आप सम धीर वीर गंभीर से।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं दृगछायारूप-कैवल्यातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।20।।

(14 देवकृतातिशय के अर्घ)

(छंद - शंभू)

(तर्ज-पार्श्वनाथ पूजन-पुष्पेन्दु कृत)

है श्री अरिहंत प्रभू जी की, वाणी सु निरक्षरी ऊँकार।
मागध जाति के देव करें, लघु और महाभाषा प्रकार।।
अट्ठारह महाभाषायें अरु लघु सात सौ भाषाएँ होती।
नर हो, पशु हो या सुरपति हो, सबकी हि समझ में आ जाती।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीत-अतिशय-अर्धमागधीभाषा-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।21।।

ना द्वेष कलह वैमनस्यता का, दूर-दूर तक नाम नहीं।
इक भाव मित्रता का सब ही में, घृणा का कोई स्थान नहीं।।
सब भवों-भवों का बैर भूल, माहौल मित्रता का छाता।
इक साथ सिंह-गौ को तट पर, पानी पीते देखा जाता।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीत-अतिशय-सर्वजनमैत्री-भाव-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।22।।

समवशरण प्रभुवर का रचा, आनंद के निर्झर फूट पड़े।
सब उज्जवल पावन विमल हुआ, दश दिश कैसे फिर पीछे रहें।।
दिक्पालों ने प्रभु भक्ति में, दश दिश को निर्मल स्वच्छ किया।
देवोपुनीत अतिशय अद्भुत, जनमन को आह्लादित है किया।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीत-अतिशय-निर्मलदिग्दिशत्व-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।23।।

तिर्यंच, देव अरु मनुज सभी, प्रभु की भक्ति में झूम उठे।
चेतन की तो है बात ठीक, लगता पुद्गल भी नाच उठे।।
तब ही तो उन्नत नभ देखो, क्षीरोदधि सम है विमल हुआ।
उसका आह्लादन तो देखो, पावन निर्मल अरु स्वच्छ हुआ।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीत-अतिशय-निर्मलाकाश-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।24।।

सृष्टि पूरी आनंदित है, यह महिमा केवलज्ञानी की।
खुश है अंबर खुश है धरती, सब खुश हैं फूल अरु डाली भी।।
सारी ऋतुओं के एक साथ, फल-फूल फलित होते ऐसे।
अतिशय यह जिनवर का प्यारा, प्रभु का गुणगान करूँ कैसे।।25।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीत-अतिशय-षट्ऋतुफलितपुष्प-फल-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।25।।

चहुँ ओर स्वच्छ पावन निर्मल, प्रभु का गुणगान सभी करते।
मानो अरिहंत जिनेश्वर का, सब मिलकर के स्वागत करते।।
अपनी सेवा अपनी श्रद्धा, अपनी सुभक्ति शुभ भाव लिए।
वसुधा होती इक योजन तक, दर्पणवत् उज्जवल कांति लिए।।26।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनित-अतिशय-दर्पणवत्पृथ्वीतल-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।27।।

जब केवल ज्ञान हुआ प्रभु को, तब समवशरण रचना कीनी।
तीनों गतियों के जीवों ने, जिनवर प्रभु की भक्ति कीनी।।

भक्ति में प्रभु की होके मगन, कीर्तन गुणगान तभी गाया।
देवों ने जय-जयकारों से, धरती नभ मण्डल गुंजाया।।28।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीत-अतिशय-नभसिजयघोषातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।28।।

प्रभु के तन के संस्पर्शन से, वह पवन सुगंधित हो जाती।
मानों प्रभुवर की महिमा का, संदेश सभी को दे आती।
प्रभु के चरणों में आता है, वह भव सागर तिर जाता है।
आश्चर्य नहीं पारस छूकर, लोहा स्वर्णिम हो जाता है।।29।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीतअतिशय-सुगंधितबयार-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड - पार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

सम्पूर्ण प्रकृति प्रमुदित होकर, मानो प्रभुवर के गुण गाती।
उनका उल्लास बढ़ाने को, गंधोदक वृष्टि हो जाती।
प्यारी गंधोदक की वृष्टि, सबको शीतल कर देती है।
संतप्त हुए मानव चित को, वह शीघ्र शांत कर देती है।।30।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीतअतिशय - गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।30।।

जो पूर्व भवों से अर्जित है, तेरा अतिशयकारी सु पुण्य।
उस पुण्य रूप महिमा भारी, तव जय-जयकार करे सु गुण्य।।
जहँ फूल और काँटे देखो, संग-संग जीवों को मिलते।
यह अतिशय जिनवर के पथ पर, सजते प्रसून कंटक हटते।।31।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीतअतिशय-निष्कंटकभूमि-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।31।।

जिनवर के पूजन वंदन को, सब सुरगण मिलकर के आये।
प्रभुवर सुभक्ति के वशीभूत हो, सबने अतिशय रचवाये।
इन अतिशय से संयुक्त हुई, इस अद्‌भुत छटा दिखाती है।
इन सबको देख सकल सुसृष्टि, हर्षित जो मन को भाती है।।32।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीतअतिशय-हर्षितसृष्टि-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।32।।

अरिहंत प्रभू जब गमन करें, हो धर्म चक्र सबसे आगे।
उसके सम्मुख कोई दुर्गुण, अरु न अधर्म टिकने पावे।।
प्राणी सब पापों को छोड़े, अवगुण को तत्क्षण दूर करे।
हो निर्विकार निश्छल निर्मल, जिनदेव धर्म को नमन करें।।33।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीतअतिशय-अग्रगामिधर्मचक्र-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।33।।

हे विश्व विजेता आत्मजयी, तुम सब मंगल के भी मंगल।
तेरे वैभव को दरशाते, ध्वज चमर आदि आठों मंगल।।
पर सब वैभव को छोड़ प्रभू, तुम शुक्ल ध्यान में लीन हुए।
सारे जग से नाता तोड़ा, निज आतम में तल्लीन हुए।।34।।

ॐ ह्रीं अर्हं देवोपुनीतअतिशय-अष्टमंगलद्रव्य-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड -पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।।34।।

दोहा

चौंतिस हैं जिनदेव के, शुभ अतिशय अनुरूप।
है अगम्य महिमा प्रभो, गुण गाऊँ शिव भूप।।

ॐ ह्रीं अर्हं चौंतीसातिशय-गुणमण्डिताय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

॥चतुर्थ वलयोपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

चतुर्थ वलय

चौंसठ ऋद्धि अर्घ

चौपाई छंद

सकल द्रव्य गुण पर्यायों को, एक समय में ही पहचानें।
केवल बुद्धि ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥1॥

ॐ ह्रीं अर्हं केवलबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पैंतालीस लाख योजन तब, बात सभी के मन की जानें।
मनः पर्यय ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥2॥

ॐ ह्रीं अर्हं मनःपर्ययबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

सबसे लघु अविभागी पुद्गल, अणु को भी प्रत्यक्ष हैं जानें।
अवधि बुद्धि ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥3॥

ॐ ह्रीं अर्हं अवधिबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

कोष्ठ में भरी वस्तुओं सम, शब्द अर्थ मय आगम जानें।
कोष्ठ बुद्धि ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥4॥

ॐ ह्रीं अर्हं कोष्ठबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक बीज को चित में धारे, ग्रंथ कई तव ही रच डारे।
बीज बुद्धि ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥5॥

ॐ ह्रीं अर्हं बीजबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

लोग अनेकों साथ भी बोलें, क्या कहता कोई पहचानें।
श्रोतृ संभिन्न ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥6॥

ॐ ह्रीं अर्हं संभिन्न-संश्रोतृऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

एक पाद जो शास्त्र का जानें, ग्रंथनि सार तुरत पहचानें।
पादानुसार ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥7॥

ॐ ह्रीं अर्हं पादानुसारबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नव योजन से अधिक दूर तक, संस्पर्शन बल जिसमें पाने।
दूरस्पर्श ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥8॥

ॐ ह्रीं अर्हं दूरस्पर्शबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नवयोजन से अधिक दूर तक, आस्वादन की शक्ति पाने।
दूरास्वादन ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥9॥

ॐ ह्रीं अर्हं दूरास्वादनबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धन्य सु ऋषिवर गंध की शक्ति, नवयोजन से दूर की जानें।
दूर गंध ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हानें॥10॥

ॐ ह्रीं अर्हं दूरगंधबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

षट्खण्डाधिपति से ज्यादा, दूर दृष्टि मुनिवर जो पाने।
दूरावलोक ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हाने॥11॥

ॐ ह्रीं अर्हं दूरावलोकनबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वादश योजन से भी ज्यादा, शब्द श्रवण बल स्वामी पाने।
दूर श्रवण ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ मम संकट हाने॥12॥

ॐ ह्रीं अर्हं दूरश्रवणबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दशम पूर्वधर विद्या पाएँ, नश्वर वैभव को न चाहें।
जय दश पूर्व ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ॥13॥

ॐ ह्रीं अर्हं दशपूर्वबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञाता चौदह पूर्व के जिनवर, स्वामी तुमको हृदय बसाएँ।
चतुर्दश पूर्व ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ॥14॥

ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्दशपूर्वबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भौम अंग स्वर व्यंजन आदिक, लख निमित्त जो सब बतलायें।
अष्टांग निमित्त ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ॥15॥

ॐ ह्रीं अर्हं अष्टांगनिमित्तबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धन्य ऋषीश्वर बिना पढ़े ही, जो सम्पूर्ण भेद समझायें।
प्रज्ञा श्रमण ऋद्धि के धारक, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ॥16॥

ॐ ह्रीं अर्हं प्रज्ञाश्रमणबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म छोड़ कुछ भी नहीं तेरा, भेद ज्ञान सबको करवायें।
जय प्रत्येक ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ॥17॥

ॐ ह्रीं अर्हं प्रत्येकबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परवादी का करके खंडन, जिन शासन का ध्वज फहराएँ।
जय वादित्व ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं वादित्वबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जल के ऊपर थलवत् चलकर, सब जीवों के प्राण बचायें।
जल चारण ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं जलचारणबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

बिन घुटने मोड़े धरती से, चऊ अंगुल जो ऊपर जायें।
जंघाचारण ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं जंघाचारणबुद्धिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मकड़ी के तंतु पर चालें, हिले नहीं न टूटने पाये।
तंतु चारण ऋद्धि के धारी, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं तंतुचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पों पर भी गमन करें यदि, पुष्प जीव कुछ कष्ट न पायें।
पुष्प ऋद्धि धारी श्री जिनवर, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं पुष्पचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पत्रों पर यदि पाँव धरे तब, बाधा कोई जीव न पाएँ।
पत्रन् चारण ऋद्धि धारक, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं पत्रचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गमन करें बीजों पर मुनिवर, पीड़ा वे कुछ भी नहीं पाएँ।
बीजन् चारण ऋद्धि धारक, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं बीजचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रेणीवत् ऋषि गमन करे हैं, बिन प्राणी पीड़ा पहुँचाए।
श्रेणी चारण ऋद्धि धारक, पार्श्वनाथ हम तव गुण गाएँ।।25।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रेणीचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जीव अग्नि के कष्ट न पाते, अग्नि शिख मुनि जो पग धारें।
अग्नि चारण मुनि को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारे।।26।।

ॐ ह्रीं अर्हं अग्निचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नहीं कष्ट होता जीवों को, मुनिवर जब आकाश में चालें।
नभ चारण मुनिवर को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारें।।27।।

ॐ ह्रीं अर्हं नभचारणक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अणु समान काया कर लेते, जीवों के प्रति करुणा धारें।
अणिमा ऋद्धीश्वर को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारें।।28।।

ॐ ह्रीं अर्हं अणिमाविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

काया अति उन्नत कर लेते, मुनि अगम्य महिमा को धारें।
महिमा ऋद्धीश्वर को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारें।।29।।

ॐ ह्रीं अर्हं महिमाविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दीर्घ काय भी हल्की लागे, दु:खियों के प्रभु आप सहारे।
लघिमा ऋद्धीश्वर को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारें।।30।।

ॐ ह्रीं अर्हं लघिमाविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अति सूक्ष्म देखन में लागे, हिले नहीं इन्द्रादिक हारें।
गरिमा ऋद्धीश्वर को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारें।।31।।

ॐ ह्रीं अर्हं गरिमाविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

वसुधा पर बैठे ही ऋषिवर, चंद्र सूर्य ग्रह छूते सारे।
प्राप्ति ऋद्धीश्वर को बंदूँ, भव सागर से शीघ्र हि तारें।।32।।

ॐ ह्रीं अर्हं प्राप्तिविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

काया नेक प्रकार बनाते, धरती में जलवत् लहराते।
प्राकाम्य ऋद्धि के स्वामी, वंदन से दुख पास न आते।।33।।

ॐ ह्रीं अर्हं विक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तपधारी निस्पृह निर्मोही, सुर नर मुनि सब शीश झुकाते।
जय ईशत्व ऋद्धि के स्वामी, वंदन से दुख पास न आते।।34।।

ॐ ह्रीं अर्हं ईशत्वविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पलभर में दर्शन करते ही, जीव सभी वश में हो जाते।
जय वशित्व ऋद्धि के स्वामी, वंदन से दुख पास न आते।।35।।

ॐ ह्रीं अर्हं वशित्वविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

छिद्र बिना गिरि बहुत विशाला, बिना घात उसमें से जाते।
अप्रतिघात ऋद्धि के स्वामी, वंदन से दुख पास न आते।।36।।

ॐ ह्रीं अर्हं अप्रतिघातविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तप बल से यह प्राप्त ऋद्धि है, मुनि को कोई देख न पाते।
अन्तर्धान ऋद्धि के स्वामी, वंदन से दुख पास न आते।।37।।

ॐ ह्रीं अर्हं अन्तर्धानऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तप की महिमा बड़ी हि न्यारी, मन वांछित कई रूप बनाते।
काम रूपित्व ऋद्धि के स्वामी, वंदन से दुख पास न आते।।38।।

ॐ ह्रीं अर्हं कामरूपित्वविक्रियाऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्ड पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चाल : हे गुरुवर धन्य हो तुम....

इक उपवास करें जो मुनिवर, घटे नहीं बढ़ते जाते।
उग्र तपः ऋषि के पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।39।।

ॐ ह्रीं अर्हं उग्रतपोऽतिशयऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तन कमजोर दीप्ति नित बढ़ती, मुनि उपवास करे जाते।
दीप्ति तपः ऋषि के पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।40।।

ॐ ह्रीं अर्हं दीप्ततपोऽतिशयऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नहीं निहार हो, ले आहार, मानो सब कुंदन हो जाते।
तप्त तपः ऋषि के पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।41।।

ॐ ह्रीं अर्हं तप्ततपोऽतिशयऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञानयुक्त हो त्रस नाली के, जीव सभी जाने जाते।
महातमः ऋषि के पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।42।।
ॐ ह्रीं अर्हं महातपोऽतिशयऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

रोग व्यथा या कोई बाधा, संयम से नहीं डिग पाते।
घोर तपः ऋषि के पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।43।।
ॐ ह्रीं अर्हं घोरतपोऽतिशयऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इन ऋषियों को यदि सताते, भय अकाल आदि पाते।
घोर पराक्रम ऋषि पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।44।।
ॐ ह्रीं अर्हं घोरपराक्रमतपोऽतिशयऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अघोर ब्रह्मचारी मुनि रहते, वहाँ रोग सब मिट जाते।
ऐसे ऋषिवर के पूजन से, धन वैभव सुख सब पाते।45।।
ॐ ह्रीं अर्हं अघोरब्रह्मचर्यतपोऽतिशयऋद्धि - धारकाय श्रीकलिकुण्ड-पार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्थ सहित मन में विचार कर, इक मुहूर्त में पढ़ जाते।
जानें सब श्रुतज्ञान के अक्षर, मुनिवर के हम गुण गाते।।46।।
ॐ ह्रीं अर्हं मनोबलऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इक मुहूर्त में द्वादशांग का, पाठ शुद्ध जो कर जाते।
कंठ दुखे न उच्च बोलकर, ऐसे मुनि के गुण गाते।।47।।
ॐ ह्रीं अर्हं वचनबलऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धन्य ऋषीश्वर अति बल धारी, बल का पार नहीं पाते।
हिला सकें तीनों लोकों को, ऐसे मुनि के गुण गाते।।48।।

ॐ ह्रीं अर्हं कायबलऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नख केशादिक संस्पर्शन से, सर्व रोग ही मिट जाते।
आमर्षोषधि ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।49।।

ॐ ह्रीं अर्हं आमर्षौषधिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मुख का थूक आदि मल लगते, रोग सभी तब नश जाते।
खेल्लौषधि ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।50।।

ॐ ह्रीं अर्हं खेल्लौषधिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

स्पर्श स्वेद मुनि का जल होता, दूर सभी व्याधि पाते।
जल्लौषधि ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।51।।

ॐ ह्रीं अर्हं जल्लौषधिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दंत मैल हो या हो नासिका, रोग सभी उससे जाते।
मल्लौषधि ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।52।।

ॐ ह्रीं अर्हं मल्लौषधिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मल मूत्रादिक से ऋषिवर के, आधि-व्याधि सब मिट जाते।
विडौषधि ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।53।।

ॐ ह्रीं अर्हं विडौषधिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि के तन से संस्पर्शित, वायु लगते व्याधि भागे।
सर्वौषधि ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।54।।

ॐ ह्रीं अर्हं सर्वौधिऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अमृत वच मुनिवर के सुनकर, प्राणी निर्विष हो जाते।
आस्याविष ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।55।।

ॐ ह्रीं अर्हं आस्याविषऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

करुणामयी दृष्टि से प्रभु की, विष निर्विष सब हो जाते।
दृष्टिनिर्विष ऋद्धि के धारक, ऐसे मुनि के गुण गाते।।56।।

ॐ ह्रीं अर्हं दृष्टिनिर्विषऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा छंद

मुनि मुख से हो क्रोध वश, मरण वचन निकसाय।
आशीर्विष रस ऋद्धिधर, ऋषि बसे हिय आय।।57।।

ॐ ह्रीं अर्हं आशीर्विषऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

क्रोध दृष्टि ज्यों ही पड़े, व्यक्ति झटित मर जाय।
दृष्टिविषं विष ऋद्धिधर, ऋषि बसे हिय आय।।58।।

ॐ ह्रीं अर्हं दृष्टिविषऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीररहित आहार में, स्वाद क्षीर का आय।
क्षीर स्रावि रस ऋद्धिधर, नमूँ पार्श्व जिनराय।।59।।

ॐ ह्रीं अर्हं क्षीरस्रावरिसऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

करें आहार मीठा रहित, मिष्ट स्वाद तब आय।
मधुस्रावि रस ऋद्धिधर, पूजें शिव सुख दाय॥60॥

ॐ ह्रीं अर्हं मधुस्राविरसऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत से रहित आहार में, स्वाद ही घृत का आय।
घृतस्रावि रस ऋद्धिधर, प्रभु नमूँ चित लाय॥61॥

ॐ ह्रीं अर्हं घृतस्राविरसऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अंजुलि में यदि विष हुआ, तो अमृत बन जाए।
अमृत स्रावि रस ऋद्धिधर, आतम गुण प्रगटाय॥62॥

ॐ ह्रीं अर्हं अमृतस्राविरसऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिसके घर आहार हो, उस दिन उस घर माँहि।
चक्रवर्ती की सैन्य भी, भोज करे कम नाँहि॥63॥

ॐ ह्रीं अर्हं अक्षीणमहानसऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जहाँ रुके जिनवर यति, ऋद्धीधर जिनराय।
चक्रवर्ती की सैन्य भी, उसमें पूर्ण समाय॥64॥

ॐ ह्रीं अर्हं अक्षीणसंवासऋद्धि-धारकाय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अनन्त चतुष्टय

(अडिल्ल छंद)

ज्ञानावरणी कर्म नष्ट जो हो गया।
प्रगटा केवल ज्ञान घोर तम खो गया॥
नंत ज्ञान के धारक तव हो गए प्रभो।
हमको भी दो ज्ञान वीतरागी विभो॥65॥

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतज्ञान-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तत्त्व दृष्टि सम्यक् उपजी सुज्ञान की।
ज्योति जगी अंतस में भेद विज्ञान की।।
दर्शन नंत हुआ उसको मैं वरन करूँ।
सर्वज्ञ अरिहंत प्रभू को नमन करूँ।।66।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतदर्शन-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ - जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नश्वर सब संसार उसे छोड़ा विभो।
निराबाध शाश्वत सुख तुम पाया प्रभो।।
नंत सुखारी जिनवर तुम निरवंद्य हो।
सुखी सभी हों जिनशासन जयवंत हो।।67।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनंत सुख-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नंत अतुलबल के जिनवर तुम हो धनी।
ओ जग के सरताज मेरि तुमसे बनी।।
अनुपम बल ऐसा हमको भी दो विभो।
जग में दोबारा ना हम आयें प्रभो।।68।।

ॐ ह्रीं अर्हं अनंतबल-संयुक्ताय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

कलिकुण्ड पारस प्रभो, ऋद्धि सिद्धि दातार।
महा अर्चना मैं करूँ, करो भवोदधि पार।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकेवलऋद्धिसिद्ध-चतुःषष्टिऋद्धि तथैव अनंतज्ञानादि अनंतचतुष्टय-प्रदायि श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप : ॐ ह्रीं अर्हं सकलक्लेशहराय श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः

जयमाला

(तर्ज : जयकेवल भानु कला....)

जय पार्श्वनाथ अंतर्यामी, त्रैलोक्यपति त्रिभुवन स्वामी।
जय पार्श्वनाथ करुणासागर, प्रभु गुण रत्नों के तुम आगर।।
जय पार्श्वनाथ मंगलकारी, निर्मोह केवली अविकारी।
जय पार्श्वनाथ जग हितकारी, आनंदकरन शिव त्रिपुरारी।।
जय पार्श्वनाथ अवगुण नाशक, आतम के तुम अद्भुत शासक।
जय पार्श्वनाथ तुम विश्वविजयी, इंद्रियों के जेता कर्म जयी।।
जय पार्श्वनाथ सुर नर वंदित, भक्ति करती तव आनन्दित।
जय पार्श्वनाथ गुणगण नायक, प्रभु सिद्धशिला के अधिनायक।।
जय पार्श्वनाथ संकटमोचन, दर्शन से धन्य हुए लोचन।
जय पार्श्वनाथ पथ दर्शायक, जन हर्षायक शिवमग दायक।।
जय पार्श्वनाथ तुम अविनाशी, तुम ही हो सिद्धशिला वासी।
जय पार्श्वनाथ अघ संहारक, तुम प्राणिमात्र के हितकारक।।
जय पार्श्वनाथ सबके हो नाथ, तुम जिसके साथ हो न अनाथ।
जय पार्श्वनाथ केवलज्ञानी, तुम आत्म तत्त्व के विज्ञानी।।
जय पार्श्वनाथ तुम साथ रहो, जब तक हैं प्राण मम चित्त बसो।
जय पार्श्वनाथ तुम जग बंधु, भक्ति से तरते भव सिंधु।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलिकुण्डपार्श्वनाथ-जिनेन्द्राय नमः जयमाला पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धत्ता

कलिकुण्डं नामी, पारस स्वामी, जगत्पिता त्रैलोक्यपति।
वसुनन्दी ध्यावे, शीश झुकावे, मोक्ष दिला दो परम यति।।

पुष्पांजलिं क्षिपेत्

समुच्चय महार्घ्य

मैं देव श्री अरहंत पूजूँ, सिद्ध पूजूँ चाव सों।
आचार्य श्री उवज्झाय पूजूँ, साधू पूजूँ भाव सों॥

अरहन्त भाषित बैन पूजूँ, द्वादशांग रचे गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरुचरण, शिवहेत सब आशा हनी॥

सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि, दयामय पूजूँ सदा।
जजि भावनाषोडश रत्नत्रय, जा बिना शिव नहिं कदा॥

त्रैलोक्य के कृत्रिम-अकृत्रिम, चैत्य-चैत्यालय जजूँ।
पंचमेरु-नन्दीश्वर जिनालय, खचर सुर पूजित भजूँ॥

कैलाश श्री सम्मेदगिरि, गिरनार मैं पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा॥

चौबीस श्री जिनराज पूजूँ, बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहस वसु जप, होय पति शिव गेह के॥

दोहा

जल गंधाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूजहूँ, बहु विधि भक्ति बढ़ाय॥

ॐ ह्रीं भावपूजा - भाववन्दना - त्रिकालपूजा - त्रिकालवन्दना - कृत- कारितानुमोदनैः सहितं श्री अरिहन्त - सिद्ध - आचार्य - उपाध्याय - सर्वसाधु- पञ्च परमेष्ठिभ्यो नमः। प्रथमानुयोग - करणानुयोग - चरणानुयोग - द्रव्यानुयोगेभ्यो नमः। दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणेभ्यो नमः। उत्तमक्षमादि - दशलक्षण - धर्मेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शनसम्यग्ज्ञानसम्यक्चारित्रेभ्यो नमः।

जल – थल – आकाश – गुहा – पर्वत – नगरवर्ति – ऊर्ध्व – मध्य – अधोलोकेषु विराजमान – कृत्रिम – अकृत्रिम – जिन – चैत्यालय – जिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्रे विद्यमान – विंशतितीर्थङ्करेभ्यो नमः। पञ्च – भरत – पञ्च – ऐरावत – दशक्षेत्र – सम्बन्धि – त्रिंशत् – चतुर्विंशतिगत – विंशत – उत्तर – सप्तशत – जिनबिम्बेभ्यो नमः। नन्दीश्वरद्वीप – सम्बन्धि – द्वीपञ्चाशत् जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। पञ्चमेरुसम्बन्धि – अशीति – जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। सम्मेदशिखर – कैलाश – चम्पापुर – पावापुर – गिरनार – सोनागिरि – राजगृही – मथुरा – शत्रुञ्जय – तारङ्गा – कुण्डलपुर आदि – सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबद्री – मूढ़बद्री – हस्तिनापुर – चन्देरी – पपौरा – अयोध्या – चमत्कारजी – महावीरजी – पद्मपुरी – तिजारा – आदि – अतिशयक्षेत्रेभ्यो नमः श्रीचारणऋद्धिधारी सप्तपरमर्षिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपावतं श्रीवृषभादि–महावीरपर्यन्त–चतुर्विंशतितीर्थङ्करपरमदेवं आद्यानां जम्बूद्वीपे मेरु दक्षिण भागे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे....नाम्नि नगरे....मासानामुत्तमे...मासे....पक्षे.... तिथौ.....वासरे.... मुन्यार्यिका–श्रावक– श्राविकाणां सकलकर्मक्षयार्थं अनर्घ्यपदप्राप्तये सम्पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांति-पाठ (भाषा)

चौपाई

शांतिनाथ मुख शशि-उनहारी, शील-गुण-व्रत-संयमधारी।
लखन एक सौ आठ विराजैं, निरखत नयन कमलदल लाजैं।।

पंचम चक्रवर्ति पद धारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।
इन्द्र-नरेन्द्र पूज्य जिन-नायक, नमो शांति-हित शांति विधायक।।

दिव्य विटप पहुपन की वरषा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।
छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी।।

शांति-जिनेश शांति सुखदाई, जगत पूज्य पूजौं शिर नाई।
परम शांति दीजे हम सबको, पढ़ैं तिन्हें पुनि चार संघ को।।

वसन्ततिलका

पूजै जिन्हें मुकुट-हार-किरीट लाके।
इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके।।
सो शांतिनाथ वर-वंश जगत प्रदीप।
मेरे लिए करहुँ शान्ति सदा अनूप।।

इन्द्रवज्रा

संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों यतिनायकों को।
राजा-प्रजा-राष्ट्र-सुदेश को ले, कीजे सुखी हे जिन! शांति को दे।।

स्रग्धारा

होवै सारी प्रजा को सुख बलयुत हो, धर्मधारी नरेशा।
होवे वर्षा समय पै, तिल भर न रहें, व्याधियों का अंदेशा।।
होवे चोरी न जारी, सुसमय वरते, हो न दुष्काल मारी।
सारे ही देश धारैं जिनवर-वृष को, जो सदा सौख्यकारी।।

दोहा

घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज।
शांति करो सब जगत में, वृषभादिक जिनराज॥

मन्दाक्रान्ता

शास्त्रों का हो पठन सुखदा, लाभ सत्संगति का।
सद्वृत्तों का सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का॥
बोलूँ प्यारे वचन हित के आपका रूप ध्याऊँ।
तौ लौं सेऊँ चरण जिनके, मोक्ष जौ लौं न पाऊँ॥
तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तब लौं लीन रहौं प्रभु, जब लौं पाया न मुक्ति-पद मैंने॥
अक्षर पद मात्रा से दूषित, जो कछु कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणाकरि पुनि छुड़ाहु भव दुख से॥
हे जगबन्धु जिनेश्वर! पाऊँ तव चरण-शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी॥

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप करें)

विसर्जन पाठ

क्षमापना

दोहा

बिन जाने वा जान के, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद तैं परम गुरु, सो सब पूरन होय॥१॥
पूजन-विधि जानूँ नहीं, नहिं जानूँ आह्वान्।
और विसर्जन हू नहीं, क्षमा करहुं भगवान॥२॥

मन्त्रहीन धनहीन हूँ, क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव॥३॥
आये जो जो देवगण, पूजैं भक्ति-प्रमाण।
ते अब जावहुँ कृपा कर, अपने-अपने धाम॥४॥

(नौ बार णमोकार मंत्र का जाप एवं गवासन में बैठकर नमस्कार करें।)

श्री पार्श्वनाथ जिन चालीसा

दोहा

शीश नवा रस भक्ति से, कर प्रमाद नद पार।
पारस जिनवर का रचूँ, चालीसा सुखकार॥
पारसमणि सम पार्श्व जिन, वंदन करूँ त्रिकाल।
चिंताहर हर एक की, नशते सब दुख जाल॥

चौपाई

चिंतामणि पारस को वंदन, प्राणीमात्र का हरें क्रंदन।
बाल ब्रह्मचारी तीर्थंकर, उग्रवंश के आप शशीधर॥1॥
तेइसवें तीर्थंकर नामी, बसे हृदय पर पारस स्वामी।
कहलाते उपसर्ग विजेता, हुए आप शिवपुर के नेता॥2॥
दस भव अति संघर्ष है बिताया, क्षमा भाव निज चित्त उपाया।
थे मरुभूति आप जब स्वामी, भ्रात कमठ ने हठ थी ठानी॥3॥
भ्रमण करत नवमा भव धारा, दामर सुत आनंद कुमारा।
मुनि बन वन में ध्यान लगाया, सोलहकारण भाव बनाया॥4॥

कमठ बना पंचानन वन में, मुनि लख बैर विचारा मन में।
मुनि भक्षण कीना वह क्रूरा, समता शस्त्र धारि मुनि शूरा॥5॥
तन तज तेरम स्वर्ग विमाना, पाय ऋद्धि युत भोग महाना।
अवतारे फिर नगर बनारस, कहलाए चिंतामणि पारस॥6॥
बदी विशाख दौज सुखदाई, गर्भ विषैं आए जिनराई।
शुभ सोलह सपनों के द्वारा , माता हर्षित हुई अपारा॥7॥
सुर वर्षा नित करें रतन की, पूर्ण हुई आशा हर मन की।
पन्द्रह माह रतन की धारा, सजे नगर व महल चौबारा॥8॥
सुख से बीते यों नवमासा, अवतारे जिनवर सुखराशा।
अश्वसेन नृप वामा माता, जिनके सुत पारस विख्याता॥9॥
पौष वदी एकादश नामी, जन्मलिया श्री पारस स्वामी।
परिकर औ परिवार समेता, कीना उत्सव इन्द्र नरेशा॥10॥
क्षीराम्बुधि जलघट सुर लाए, मेरूगिरि पर न्हवन कराये।
सुरपति सहस नयन कर निरखे, ताण्डव नृत्य कियो मन भर के॥11॥
अवतारे जग पालनहारे, त्रिभुवन माहिं सुख विस्तारे।
नाना वाद्य वजे नभ तल में, खुशियां बरसे हर पलपल में॥12॥
हरितवर्ण तन द्युति मनहारी, सौम्य शांतिमय छवि तुम्हारी।
लक्षण उरग पदाग्र सुशोभित, पार्श्व करें हर मन को मोहित॥13॥
है उतुंग नव हस्त सु काया, दस अतिशय युत तेज समाया।
बल सुबुद्धि साहस सर्वोत्तम, अनुपम कौशल पार्श्व जिनोत्तम॥14॥
एक दिन सब मित्रों को लेकर, वन विचरन विचार संजोकर।
कमठ जीव देखा अज्ञानी, महीपाल तापस अभिमानी॥15॥

करुणा युत प्रभु वचन सुनाये, तपसी तू क्यों पाप कमाये।
लक्कड़ में क्यों जीव जलाते, क्या इसको तुम धर्म बताते।।16।।
हिंसा तज सत्पथ अपनाओ, अपना हित यदि करना चाहो।
क्रोध अनल की ज्वाला, लक्कड़ चीरा लेके कुदाला।।17।।
निकला नाग नागिनी जोड़ा, जिनका जीवन रहा था थोड़ा।
करुण भाव प्रभु के मन आया, महामंत्र णमोकार सुनाया।।18।।
मरकर दोउ बने देवेश्वर, पद्मावति धरणेन्द्र अहीश्वर।
महीपाल तपसी तव नाना, कुतप करि लहि ज्योति विमाना।।19।।
अष्टम वर्ष भए सुकुमारा, अणुव्रत निधि पाई सुखकारा।
वर्ष सोलह में करि सुचिंतन, अस्वीकारा परिणय बंधन।।20।।
पूरव भव का आया चिंतन, कीना तुम आतम का मंथन।
भव तन भोगन हुई निराशा, वन अश्वत्थ सु कीना वासा।।21।।
पौष वदी एकादश प्यारी, शतक मुनि संग दीक्षा धारी।
सिद्धों का प्रभु ध्यान लगाया, मनपर्यय शुभ ज्ञान उपाया।।22।।
बालपने में मदन प्रहारी, तीस वर्ष में दीक्षा धारी।
छोड़े राज भोग आडम्बर, भाया तुमको भेष दिगम्बर।।23।।
करि बिहार जब प्रथम हि बारा, धान्यसेन घर कियो अहारा।
पंचाश्चर्य भए सुर द्वारा, देव करें नभ से जयकारा।।24।।
एक दिवस प्रभु ध्यान लगाये, कमठ जीव जो देव कहाए।
नाम काल संवर हि बखाना, चढ़ि आया झट पुष्प विमाना।।25।।
पारस ऊपर जब वह आया, पूर्व बैर धर सुर बौराया।
लाल लाल लोचन कर लीना, अति विकराल रूप निज कीना।।26।।

ओले सोले पत्थर पानी, बरसाये कपटी अज्ञानी।
सात दिवस तक की मनमानी, रहे मेरु सम पारस स्वामी।।27।।
पद्मावति आसन कंपाया, प्रभु उपकार याद तब आया।
आए झटित उपसर्ग हरने, पर निश्चय भव वारिधि तरने।।28।।
पद्मावति ने फण फैलाया, पारस प्रभु को शीश बिठाया।
प्रभु धरणेन्द्र भी आए, फण मण्डप रच छत्र बनाये।।29।।
नागों बीच पार्श्व प्रभु ऐसे, मेघ घिरे पर्वत हों जैसे।
हार गया बैरी अभिमानी, खत्म हुई फिर बैर कहानी।।30।।
चार माह दुर्द्धर तप धारे, संघर्षों से तुम ना हारे।
कपटों में साहस ना खोता, सोना आखिर सोना होता।।31।।
शुक्ल ध्यान की अनल जलाकर, चार घातिया कर्म नशाकर।
चैत चतुर्थी कृष्ण सुखाकर, पाया केवलज्ञान दिवाकर।।32।।
कपट कमठ उपकार सु कीना, जिसने पद अर्हत् है दीना।
उपसर्गों में खेल रचाया, नंत चतुष्टय गुण प्रकटाया।।33।।
समवशरण रचना अति प्यारी, सर्व जगत से है जो न्यारी।
शत इन्द्रों पूजित प्रभु साजे, सहस पंच धनु गगन विराजे।।34।।
मातंग यक्ष प्रभु गुण गावे, पद्मा यक्षी गीत सुनावे।
श्रोता महासेन नृप नामी, गणिनि सुलोका कही प्रधानी।।35।।
खिरि गंभीर न्याय युत वाणी, सर्व जनों को है कल्याणी।
सेवा में दस गणधर ज्ञानी, सिरी स्वयंभू गणी प्रधानी।।36।।
चौंतिस अतिशय युक्त जिनेशा, वीतराग सर्वज्ञ हितैषा।।
कर विहार दश दिश भगवाना, पहुँचे गिरि सम्मेद महाना।।37।।

सुवरणभद्र सु कूट पे आके, वसुविधि बंधन भस्म बनाके।
श्रावण वदि सप्तम जब आया, मुक्ति मुकुट जिन शीश लगाया।।38।।
इक सौ वर्ष की आयु पाकर, चिर विश्राम किया शिव जाकर।
हुए अखण्ड अचल अविनाशी, सिद्ध स्वरूपी सुख की राशी।।39।।
नखत विशाखा है अघ हारक, हुये नाथ जु पंचकल्याणक।
पारस पग से जो लग जाता, वो लोहा सोना बन जाता।।40।।
क्षमा आपकी परम विशाला, दशभव का बैरी भी हारा।
कपट त्याग नत होकर आया, पारर्व प्रभु जयकार लगाया।।41।।
अपकारी का भी उपकारा, कीना नाथ क्षमा के द्वारा।
हार मान निज शीश झुकाया, सम्यग्दर्शन उसने पाया।।42।।
भगवन् मुझको शक्ति देना, साहस देना भक्ति देना।
बैर भाव ना रखूँ किसी से, क्षमा भाव चित धरूँ सभी से।।43।।

दोहा

पार्श्वनाथ पद कुंज में, नमूँ झुका निज माथ।
मम उर के जब नाथ तुम, फिर क्यों रहूँ अनाथ।।
पारस पग के पास में, चालीसा चित धार।
भक्ति सुरस पीकर करूँ, शीघ्र भवोदधि पार।।

श्री पार्श्वनाथ भगवान की आरती

वामा देवी लाल की अश्वसेन गोपाल की
चलो उतारें आज आरती पार्श्वनाथ भगवान् की....।टेक।।
पौष कृष्ण एकादशी आई, तिहुँ जग मोद मनाये जी,
काशी नगरी जन्म लिया है, सुर नर मंगल गायें जी।
अमित अतुल बलवान् की, केवल ज्योति महान् की,
चलो उतारें आज आरती.....
सोलह सपने देकर माँ को, प्राणत स्वर्ग से तुम आये,
दोज कृष्ण वैशाख माह में, इन्द्र रत्न हैं बरसाये।
नंत गुणों के खान की, मम् प्राणों के प्राण की,
चलो उतारें आज आरती.....
बाल ब्रह्मचारी हे भगवन्! जन्म दिवस दीक्षा धारी,
राजपाट माया को तजकर, हुये दिगम्बर अविकारी।
जयी उपसर्ग महान् की, तीन लोक परधान की,
चलो उतारें आज आरती.....
नंत चतुष्टय धारी प्रभुवर, नंतदर्शी जिन हितकारी,
चैत कृष्ण की चतुर्थी आई, समवशरण रचना भारी।
पद्म शुक्ल सुध्यान की, कलिकुण्ड के राम की,
चलो उतारें आज आरती.....
योग निरोध कर्म वसु नशकर, मुक्ति वधु को परिणाया,
सावन शुक्ला सप्तमी के दिन, सुवर्णभद्र से शिव पाया।
जिन शासन के शान की, शाश्वत सुध निर्वाण की,
चलो उतारें आज आरती.....
कलिकुण्ड चिंतामणि अरु, पारसमणि तुम हो कहलाते,
नाम जपत तव कालसर्प अरु, ग्रह घोर सब टल जाते।
परम पुनीत पुमान की, परम पूज्य गुणवान् की,
चलो उतारें आज आरती.....

निर्वाणकांड (भाषा)

–कवि श्री भैया भगवतीदास जी

दोहा

वीतराग वंदौं सदा, भावसहित सिरनाय।
कहौं कांड-निर्वाण की, भाषा-सुगम बनाय॥1॥

चौपाई छंद

'अष्टापद' आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य 'चंपापुरि' नामि।
नेमिनाथ स्वामी 'गिरनार', वंदौ भाव-भगति उर-धार॥2॥
चरम-तीर्थंकर चरम-शरीर, 'पावापुरि' स्वामी-महावीर।
'शिखर-सम्मेद' जिनेश्वर बीस, भाव-सहित वंदौं निश-दीस॥3॥
वरदत्तराय रु इंद्र मुनिंद्र, सायरदत्त आदि गुणवृंद।
'नग सु तारवर' मुनि उठकोड़ि, वंदौं भाव-सहित कर-जोड़ि॥4॥
श्री 'गिरनार'-शिखर विख्यात, कोड़ि बहत्तर अरु सौ सात।
शम्भु-प्रद्युम्न कुमर द्वय भाय, अनिरुद्ध आदि नमूँ तसु पाय॥5॥
रामचंद्र के सुत द्वय वीर, लाड-नरिंद आदि गुणधीर।
पाँच कोड़ि मुनि मुक्ति-मँझार, 'पावागढ़' वंदौं निरधार॥6॥
पांडव-तीन द्रविड़-राजान, आठ कोड़ि मुनि मुकति पयान।
श्री 'शत्रुंजय-गिरि' के सीस, भाव-सहित वंदौं निश-दीस॥7॥
जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोड़ि मुनि औरहु भये।

श्री 'गजपंथ' शिखर सुविशाल, तिनके चरण नमूँ तिहुँकाल॥8॥
राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील।
कोड़ि निन्याणवे मुक्ति पयान, 'तुंगीगिरि' वंदौं धरि ध्यान॥9॥
नंग-अनंगकुमार सुजान, पाँच कोड़ि अरु अर्ध प्रमान।
मुक्ति गये 'सोनागिरि' शीश, ते वंदौं त्रिभुवनपति ईश॥10॥
रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये 'रेवा-तट' सार।
कोटि पंच अरु लाख पचास, ते वंदौं धरि परम-हुलास॥11॥
रेवानदी 'सिद्धवर-कूट', पश्चिम-दिशा देह जहँ छूट।
द्वय-चक्री दश-कामकुमार, उठकोड़ि वंदौं भव-पार॥12॥
'बड़वानी' बड़नयर सुचंग, दक्षिण-दिशि 'गिरि-चूल' उतंग।
इंद्रजीत अरु कुंभ जु कर्ण, ते वंदौं भवसायर-तर्ण॥13॥
सुवरणभद्र आदि मुनि चार, 'पावागिरिवर' शिखर-मँझार।
चेलना-नदी-तीर के पास, मुक्ति गये वंदौं नित तास॥14॥
फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पश्चिम-दिशा 'द्रोणगिरि' रूप।
गुरुदत्तादि-मुनीश्वर जहाँ, मुक्ति गये वंदौं नित तहाँ॥15॥
बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्री 'अष्टापद' मुक्ति-मँझार, ते वंदौं नित सुरत-संभार॥16॥
अचलापुर की दिश ईसान, तहाँ 'मेंढ़गिरि' नाम प्रधान।
साढ़े तीन कोड़ि मुनिराय, तिनके चरण नमूँ चित-लाय॥17॥
वंसस्थल-वन के ढिंग होय, पच्छिम-दिशा 'कुंथुगिरि' सोय।

कुलभूषण देशभूषण नाम, तिनके चरणनि करूँ प्रणाम।।18।।
जसरथ-राजा के सुत कहे, देश कलिंग पाँच सौ लहे।
'कोटिशिला' मुनि कोटि-प्रमान, वंदन करूँ जोड़ जुग पान।।19।।
समवसरण श्री पार्श्व-जिनंद, 'रेसिंदीगिरि' नयनानंद।
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वंदौं नित धरम-जिहाज।।20।।
'मथुरापुरी' पवित्र-उद्यान, जम्बूस्वामी जी निर्वाण।
चरम-केवली पंचमकाल, ते वंदौं नित दीनदयाल।।21।।
तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित-प्रति वंदन कीजे तहाँ।
मन-वच-काय सहित सिरनाय, वंदन करहिं भविक गुणगाय।।22।।
संवत सतरह-सौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
'भैया' वंदन करहिं त्रिकाल, जय निर्वाणकांड गुणमाल।।23।।

।। इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।।

श्री पार्श्वनाथ जिन स्तवन

(वंशस्थ छन्दः)

तमाल-नीलैः सधनुस्तडिद्गुणैः

प्रकीर्ण-भीमा शनि-वायु-वृष्टिभिः

बलाहकैर्वैरि-वशैरुपद्रुतो,

महामना यो न चचाल योगतः॥1॥

अन्वयार्थः (**तमालनीलैः**) तमाल वृक्ष के समान नील- वर्ण, (**सधनुस्तडिदगुणैः**) इन्द्रधनुषों की बिजली रूप डोरियों से सहित, (**प्रकीर्णभीमाशनिवायुवृष्टिभिः**) भयंकर, वज्र, आँधी और वर्षा को बिखेरने वाले ऐसे, (**वैरिवशैः**) शत्रु के वशीभूत, (**बलाहकैः**) मेघों के द्वारा, (**उपद्रुतः**) पीड़ित होने पर भी, (**महामनाः**) उत्कृष्ट-धैर्य के धारक, (**यः**) जो पार्श्वनाथ भगवान् (**योगतः**) शुक्लध्यान रूप योग से, (**न चचाल**) विचलित नहीं हुए थे।

भावार्थ—तमाल वृक्ष के समान नील-वर्ण, इन्द्रधनुषों की बिजली रूप डोरियों से सहित, भयंकर, वज्र, आँधी और वर्षा को बिखेरने वाले ऐसे शत्रु के वशीभूत मेघों के द्वारा उपद्रव होने पर भी उत्कृष्ट-धैर्य के धारक जो पार्श्वनाथ भगवान् शुक्लध्यान रूप योग से विचलित नहीं हुए थे।

वृहत्फणा-मण्डल-मण्डपेन यः,

स्फुरत्तडित्पिंग-रुचोपसर्गिणम्।

जुगूह नागो धरणो धराधरं,

विराग-संध्या-तडिदम्बुदो यथा॥2॥

अन्वयार्थः (**उपसर्गिणं**) उपसर्ग से युक्त (**यः**) जिन पार्श्वनाथ भगवान् को (**धरणोनागः**) धरणेन्द्र नामक नागकुमार देव

ने (**सफुरत्तडित्पिंगरुचा**) चमकती हुई बिजली के समान पीली कान्ति से युक्त (**वृहत्फणामण्डलमण्डपेन**) बहुत भारी फणा-मण्डलीरूपी मण्डल के द्वारा (**तथा**) उस तरह (**जुगूह**) वेष्टित कर लिया था (**यथा**) जिस तरह कि (**विरागसंध्यातडिदम्बुदः**) काली संध्या के समय बिजली से युक्त मेघ (**धराधरं**) पर्वत को वेष्टित कर लेता है।

भावार्थ–उपसर्ग से युक्त जिन पार्श्वनाथ भगवान् को धरणेन्द्र नामक नागकुमार देव ने चमकती हुई बिजली के समान पीली कान्ति से युक्त बहुत भारी फणामण्डल रूपी मण्डल के द्वारा उस तरह वेष्टित कर लिया था जिस तरह कि काली संध्या के समय बिजली से युक्त मेघ पर्वत को वेष्टित कर लेता है।

स्व-योग-निस्त्रिंश-निशात-धारया,

निशात्य यो दुर्जय-मोह-विद्विषम्।

अवापदार्हन्त्यमचिन्त्यमद्भुतं,

त्रिलोक-पूजातिशयास्पदं पदम्॥3॥

अन्वयार्थः (**यः**) जिन्होंने (**स्वयोगनिस्त्रिंशनिशातधारया**) अपने शुक्लध्यान रूप खड्ग की तीक्ष्ण धारा के द्वारा (**दुर्जयमोहविद्विषम्**) मोहरूपी दुर्जय शत्रु को (**निशात्य**) नष्ट कर (**अचिन्त्यं**) अचिन्तनीय (**अद्भुतं**) आश्चर्यकारक गुणों से युक्त, (**त्रिलोकपूजातिशयास्पदं**) त्रिलोक की पूजा के अतिशय के स्थान (**आर्हन्त्यं पदम्**) अर्हत् पद को (**अवापत्**) प्राप्त किया था।

भावार्थ–जिन्होंने अपने शुक्लध्यानरूपखड्ग की तीक्ष्ण धारा के द्वारा मोहरूपी दुर्जयशत्रु को नष्ट कर अचिन्तनीय आश्चर्यकारक

गुणों से युक्त त्रिलोक की पूजा के अतिशय के स्थान आर्हन्त्य पद को प्राप्त किया था।

यमीश्वरं वीक्ष्य विधूत-कल्मषं,

तपोधनास्ते पि तथा बुभूषवः।

वनौकसः स्व-श्रम-वन्ध्य-बुद्धयः,

शमोपदेशं शरणं प्रपेदिरे।।4।।

अन्वयार्थः (**यं**) जिन पार्श्वनाथ भगवान् को (**ईश्वरं**) समस्त लोक के ईश्वर तथा (**विधूतकल्मषं**) घातिचतुष्क रूप पाप से रहित (**वीक्ष्य**) देखकर तथा (**बुभूषवः**) उन्हीं के समान होने के इच्छुक (**वनौकसः**) वनवासी (**ते तपोधनाः अपि**) वे तपस्वी भी (**स्वश्रमबन्ध्यबुद्धयः**) अपने प्रयास में निष्फल बुद्धि होते हुए (**शमोपदेशं**) मोक्षमार्ग अथवा शांति का उपदेश देने वाले भगवान् पार्श्वनाथ की (**शरणं प्रपेदिरे**) शरण को प्राप्त हुए थे।

भावार्थ–जिन पार्श्वनाथ भगवान् को समस्त लोक के ईश्वर तथा घातिचतुष्क रूप पाप से रहित देखकर तथा उन्हीं के समान होने के इच्छुक वनवासी वे तपस्वी भी अपने प्रयास में निष्फल बुद्धि होते हुए मोक्षमार्ग अथवा शांति का उपदेश देने वाले भगवान् पार्श्वनाथ की शरण को प्राप्त हुए थे।

स सत्य-विद्या-तपसां प्रणायकः,

समगधीरुग्रकुलाम्बरांशुमान्।

मया सदा पार्श्वजिनः प्रणम्यते,

विलीन-मिथ्यापथ-दृष्टि-विभ्रमः।।5।।

अन्वयार्थः (**सत्यविद्यातपसां**) जो सत्य विद्याओं तथा तपस्याओं के (**प्रणायक**) प्रणेता थे, (**समग्रधीः**) जो पूर्ण

केवलज्ञान के धारक थे **(उग्रकुलाम्बरांशुमान्)** जो उग्र वंशरूपी कुल के चन्द्रमा थे और **(विलीनमिथ्यापथदृष्टिविभ्रमः)** जिन्होंने मिथ्यामार्ग सम्बन्धी कुदृष्टियों से उत्पन्न विभ्रमों को नष्ट कर दिया था **(सः)** वे **(पार्श्वजिनः)** पार्श्वनाथ जिनेन्द्र **(मया)** मुझ समन्तभद्र के द्वारा **(सदा)** हमेशा **(प्रणम्यते)** प्रणत किए जाते हैं। मैं उन्हें प्रणाम करता हूँ।

भावार्थ–जो सत्य विद्याओं तथा तपस्याओं के प्रणेता थे, जो पूर्ण केवलज्ञान के धारक थे जो उग्र वंशरूपी कुल के चन्द्रमा थे और जिन्होंने मिथ्यामार्ग सम्बन्धी कुदृष्टियों से उत्पन्न विभ्रमों को नष्ट कर दिया था वे पार्श्वनाथ जिनेन्द्र मुझ समन्तभद्र के द्वारा हमेशा प्रणत किए जाते हैं। मैं उन्हें प्रणाम करता हूँ।

श्री कलिकुंड पार्श्वनाथ भगवान परिचय

वंश	–	उग्र
माता का नाम	–	ब्राह्मी/वर्मिला/वामा
पिता का नाम	–	श्री अश्वसेन
जन्मस्थली	–	वाराणसी
चिन्ह	–	सर्प
वर्ण	–	तप्त स्वर्ण सम पीत
आयु	–	100 वर्ष
अवगाहना	–	9 हाथ
गर्भ कल्याण तिथि	–	वैशाख कृ० 6
गर्भ कल्याण नक्षत्र	–	विशाखा
जन्म कल्याण तिथि	–	पौष कृ० 11
जन्म कल्याण नक्षत्र	–	पुनर्वसु
तप कल्याण तिथि	–	माघ शु. 12
तप कल्याण नक्षत्र	–	विशाखा
केवलज्ञान कल्याण तिथि	–	चैत्र कृ० 4
केवलज्ञान कल्याण नक्षत्र	–	विशाखा
मोक्ष कल्याण तिथि	–	श्रावण शु० 7
मोक्ष कल्याण नक्षत्र	–	विशाखा
मोक्ष स्थली	–	सम्मेद शिखर जी
मोक्ष कूट	–	स्वर्ण भद्र कूट

वैराग्य का कारण	–	जाति स्मरण
दीक्षा वन	–	अश्वत्थ
दीक्षा वृक्ष	–	धव/देवदारू
सहदीक्षित	–	300
छदमस्थ काल	–	4 मास
सर्व ऋषि	–	16 हजार
यक्ष	–	यक्षेश्वर
यक्षिणी	–	वज्रश्रृंखल
सर्व आर्यिका	–	38 हजार/36 हजार
कुल गणधर	–	11
मुख्य गणधर	–	स्वयंभू
मुख्य श्रोता	–	महासेन
मुख्य आर्यिका	–	सुलोका/सलोचना
प्रथम आहारदाता	–	धान्यसेन
कुल श्रावक	–	1 लाख
कुल श्राविका	–	3 लाख
केवलीकाल	–	69 पूर्व 8 मास
तीर्थंकाल	–	278 वर्ष
देवगति से पूर्वभव का नाम	–	आनन्द
देवगति से पूर्वभव में पिता का नाम	–	श्री दामर (समुद्रत्त)
इनके तीर्थकाल के कामदेव	–	जीवन्धर
कामदेव का मोक्ष	–	सिद्धवरकूट

परम्पराचार्य अर्घावली

वीतराग जिनगिरि से निसृत द्वादशांग जिनवर वाणी,
गणधर सूरी ज्ञान कुण्ड से झरती पीते भवि प्राणी।
मुनिराजों ने जिन्हें स्वयं ही शब्दों में लिपिबद्ध किया,
प्रथम चरण अरु करण द्रव्य को अर्घ चढ़ा हम नमन किया॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव द्वादशांग मय सरस्वती देव्यैः नमः अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उन आचार्यों के चरणों में, झुका रहे अपना माथा।
जिनकी अमृतवाणी सुनकर, हो जाता निज से नाता॥
षट्खण्डागम आदि सिद्धांतों, को जिनने लिपिबद्ध किया।
पुष्पदंत, धरसेन, भूतबली आचार्यों से ज्ञान लिया॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आचार्य भगवन् श्री-धरसेन-पुष्पदंत-भूतबलि परमेष्ठिभ्यो अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आध्यात्मरसिक सिद्धान्त मनीषी आगम के मर्मज्ञ महान,
परम तपस्वी अविचल ध्यानी निजानंद करते रसपान।
निज आतम कल्याणहेतु हम करते पूजन अरु गुणगान,
कुंद कुंद आचार्य श्री को नमन करूँ जो हैं भगवान॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आध्यात्मरसिक आचार्य भगवान् श्री कुंदकुंद स्वामिने अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परम तपस्वी शांति सिंधु मुनि पंचम युग में तीर्थ समान,
तीर्थंकर वत् कलिकाल में जिनशासन का कर यशगान।
चक्रवती चारित्र शिरोमणि भव्यों को सत्यार्थ प्रमाण,
तीन भक्ति युत अर्घ चढ़ाऊँ पाने को समकित वरदान॥

ॐ ह्रूँ प.पू. चारित्र चक्रवर्ती आचार्य भगवन् श्री शांतिसागरजी मुनीन्द्राय अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव तन भोग विरागी हे गुरु ज्ञान ध्यान तप लीन महान,
विषय वासना अरु कषाय से रिक्त चित्त जिनका अमलान।
पायसिन्धु को पाकर हम सब शिवमग पावें विषय नशाय,
ऐसे उत्तम मुनिपद पंकज अर्घ चढ़ाकर शीश नवाय॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य परम तपस्वी आचार्य भगवन् श्री पायसागर मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्ष विजेता मन के जेता सूरीवर जयकीर्ति प्रधान,
निर्विकल्प शुभ ध्यान पायकर पाया निज आतम का ज्ञान।
भाव सहित गुरु भक्ति पूजा करती पाप कर्म की हान,
जल फलादि वसु अर्घ चढ़ाकर पाएं हम भी उत्तम ज्ञान॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आध्यात्म योगी आचार्य भगवन् श्री जयकीर्ति मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिराजों में आप प्रमुख हैं सूरीवर जो कहलाते,
भारत गौरव जिनवृष सौरभ मार्ग धर्म का बतलाते॥
रत्नत्रय से आप विभूषित गुरू देश भूषण स्वामी,
भक्तियुत शुभ अर्घ चढ़ाकर बन जाऊँ मैं निष्कामी॥

ॐ ह्रूं परमपूज्य भारतगौरव आचार्य भगवन् श्री देशभूषण मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक वसु द्रव्य मिलाकर कंचन थाल भराये हैं,
निज आतम के वसु गुण पाने तव पद आज चढ़ाये हैं।
राष्ट्रसंत विद्यानंद सूरि, प्राणीमात्र हितकारी हो,
सिद्ध-शास्त्र-आचार्य भक्ति युत नित प्रति धोक हमारी हो॥

ॐ ह्रूँ परमपूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्रसंत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परम पूज्य श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज की पूजन

स्थापना

ऋषिमण्डल के ऋषिवर तेरा करते हम आह्वानन्,
तिष्ठ तिष्ठ मय हृदय विराजो सन्निकट होय तेरे भगवन्।
भाव पुष्प लेकर आये हैं, करने तेरा समदरशन,
यही साथ है मन में बस इक पायें तरी चरण शरण॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

जल

भव के कीचड़ में फंसकर के समय बहुत ही व्यर्थ किया,
पंकज सा खिलने आया था, भूल गया और स्वार्थ किया।
निर्मल जल से तुम अति पावन मेरा अब उद्धार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन

लिपटे हों कितने भुजंग पर, चंदन तो शीतल ही रहता,
परिषहों को सहकर गुरुवर तेरा निश्चल मन रहता।
शीतल चंदन सी छाया सम मेरा अब उद्धार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय संसारताप-विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत

क्षत विक्षत हो पड़ा रहा मैं तन की विकट लालसा में,
आत्म ज्ञान कैसे हो पाता इस विपरीत विकलता में।
अक्षय पद का मार्ग बताकर मेरा अब उद्धार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय अक्षयपद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्प

क्रोध लोभ माया के मद में फूला रहा रात और दिन,
अहंकार से वशीभूत हो जीता रहा सांस गिन-गिन।
पुष्प संजोकर लाया हूँ अब हे गुरुवर स्वीकार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय कामबाण-विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नैवेद्य

जिह्वा के रस में फंसकर ही व्यसन अनेक किये मैंने,
खाद्य अखाद्य बिना जाने ही सब स्वीकार किये मैंने।
अब नैवेद्य थाल भर लाया अब इनको स्वीकार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय क्षुधा-रोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप

गहन तमस में खोज रहा था भीतर भरी दिव्यता को,
आँखें मूंदे भटक रहा था, पाने उसी भव्यता को।
दीपक की इस लौ के भीतर अपना दिव्य प्रकाश भरो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय मोहान्धकाराय-विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप

कर्मों के बंधन ने जकड़ा भव की पावक झुलसाती,
लाख जतन कर हार गया पर तिपश ना कम होने पाती।
धूप दहन करने आया हूँ अब मेरा उद्धार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फल

निष्फल प्राणों में उलझा था असफल होकर जब हार गया।
गुरु ज्ञान मिला सन्मार्ग मिला नव जीवन को स्वीकार किया।
फल यही चाहिए सम्बल बन मेरी नैया को पार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय महामोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्घ

अष्ट कर्म भेदन करने को, अष्ट द्रव्य का थाल लिया,
कृपा पात्र हूँ मेरे गुरुवर तुमने मुझे संभाल लिया।

स्तुत्य बना आनन्दित हूँ अब मेरा उद्धार करो,
मुझको अपना आश्रय देकर मेरा बेड़ा पार करो॥

ॐ ह्रूं परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्र संत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिंद्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

शरणागत हूँ शरण दो कर जोड़े निज हाथ।
जन्म मरण छुट जाये सब सदा रहो अब साथ॥

जयमाला

गुरु आपने शिष्य मुझको बनाया,
जगा भाग्य मेरी शरण तेरी आया।
सदा अपनी छाया का आभास देना,
बहुत बन चुका हूँ जगत का खिलौना।
जन्मा मरा मैं कई बार जग में,
काँटे बहुत बोये अपने ही मग में।
मिला ज्ञान तुमसे जगी एक आशा,
मिटी मेरे भीतर की सारी निराशा।
सहज हो गया तेरे चरणों में आकर,
सरलता मिली तेरी किरणों को पाकर।
कर्दम जगत की ना पकड़ेगी मुझको,
मकड़ जाल में अब ना जकड़ेगी मुझको।
मैं हमँ शुद्ध चेतन अजर हूँ अमर हूँ,
निराकुल निराभाव आनंद का धर हूँ।
प्रफुल्लित हृदय कर रहा तेरा वंदन।
हर एक सांस जीवन की तुझको है अर्पण॥

दोहा

धन्य हुआ तन, मन स्त्री भीतर है उल्लास।
भक्ति मुक्ति दोनों मिलें जगा अटल विश्वास॥

क्षपक शिरोमणी आचार्य श्री विद्यानंद जी की आरती

गुरुवर, गुरुवर विद्यानंद न्यारे, जिनशासन के ध्रुव तारे।
जगमग उतारुँ थारी आरती,
हो गुरुवर हम सब उतारें तेरी आरती।।टेक।।
मात सरस्वती के सुत प्यारे, कल्पप्पा पितु थारे
शेडवाल की माटी पावन, जहाँ सुरेन्द्र अवतारे।
गुरुवर दक्षिण के सूर्य निराले, दश दिश कीने उजियारे।
जगमग उतारुँ थारी आरती।।।1।।

भेष दिगम्बर धार के गुरुवर, चले मुक्ति को वरने,
गुरु देशभूषण नौका पर, लगे भवोदधि तरने।
गुरुवर संयम का लेके सहारा, मोहादि को संहारा।
जगमग उतारुँ थारी आरती।।।2।।

राष्ट्रसंत सिद्धांत, चक्रवर्ती गुरुवर महाज्ञानी
बाल ब्रह्मचारी इस युग में तव गौरव गाथा न्यारी।
गुरुवर गिरतों को तुमने संभाला, जप कर तब नाम की माला।
जगमग उतारुँ थारी आरती।।।3।।

लखके उत्तम समाधि तुमरी, हुआ जगत आकर्षण
वसुनंदी के रूप में अब हम, पायेंगे तब दर्शन।।
गुरुवर जिनवृष के हो तुम शूरी, क्षपक शिरोमणी सूरी।
जगमग उतारुँ थारी आरती।।।4।।

श्री कलिकुंड पार्श्वनाथ विधान

मांडना



परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108

वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा

रचित व संपादित साहित्य

मौलिक कृतियाँ

प्राकृत साहित्य

1. प्राकृत वाणी भाग-1, 2, 3
2. अहिंसगाहारो (अहिंसक आहार)
3. अज्ज-सक्किदी (आर्य संस्कृति)
4. अणुवेक्खा-सारो (अनुप्रेक्षा सार)
5. जिणवर-थोत्तं (जिनवर स्तोत्र)
6. जदि-किदि-कम्मं (यति कृतिकर्म)
7. णंदिणंद-सुत्तं (नंदीनंद सूत्र)
8. णिग्गंथ-थुदी (निर्ग्रन्थ स्तुति)
9. तच्चसारो (तत्त्व सार)
10. धम्म-सुत्तं (धर्म सूत्र)
11. रट्ठ-संति-महाजण्णो (राष्ट्र शांति महायज्ञ)
12. सुद्धप्पा (शुद्धात्मा)
13. अप्पणिब्भर भारदो (आत्मनिर्भर भारत)
14. विज्जा-वसु-सावयायारो (विद्या वसु श्रावकाचार)
15. अप्प-विहवो (आत्म वैभव)
16. अट्ठंग जोगो (अष्टांग योग)
17. णमोयार महप्पुरो (णमोकार माहात्म्य)
18. मूल-वण्णो (मूल वर्ण)
19. मंगल-सुत्तं (मंगल सूत्र)
20. विस्स-धम्मो (विश्व धर्म)
21. विस्स-पुज्जो-दियंबरो (विश्व पूज्य दिगम्बर)
22. समवसरण सोहा (समवशरण शोभा)
23. वयण-पमाणत्तं (वचन प्रमाणत्व)
24. अप्पसत्ती (आत्म शक्ति)
25. कला-विण्णाणं (कला विज्ञान)
26. को विवेगी (विवेकी कौन)
27. पुण्णासव-णिलयो (पुण्यास्रव निलय)
28. तित्थयर-णामत्थुदी (तीर्थंकर नाम स्तुति)
29. रयणकंडो (सूक्ति कोश)
30. धम्म-सुत्ति-संगहो (धर्म सूक्ति संग्रह)
31. कम्म-सहावो (कर्म स्वभाव)
32. खवगराय सिरोमणी (क्षपकराज शिरोमणि)
33. सिरि सीयलणाह चरियं (श्री शीतलनाथ चरित्र)
34. अज्झप्प-सुत्ताणि (अध्यात्म सूत्र)
35. समणायारो (श्रमणाचार)

भावार्थ

1. अज्ज-सक्किदी (आर्य संस्कृति)
2. णिग्गंथ-थुदि (निर्ग्रंथ स्तुति)
3. तच्च-सारो (तत्त्वसार)
4. रट्ठसंति-महाजण्णो (राष्ट्रशांति महायज्ञ)
5. णंदिणंद-सुत्तं (नंदीनंद सूत्र)
6. अज्झप्प-सुत्ताणि (अध्यात्म सूत्र)

टीका ग्रंथ

1. प्रमेया टीका-रत्नमाला (संस्कृत)
2. वसुधा टीका-द्रव्यसंग्रह (संस्कृत)
3. नय प्रबोधिनी-आलाप पद्धति (हिंदी)

इंग्लिश साहित्य

Inspirational Tales Part- 1 & 2

वाचना साहित्य

1. मुक्ति का वाग्दान (इष्टोपदेश)
2. बोधि वृक्ष (प्रश्नोत्तर रत्नमालिका)
3. शिवपथ का रथ (सामायिक पाठ)
4. स्वात्मोपलब्धि (समाधि तंत्र)

प्रवचन साहित्य

1. आईना मेरे देश का
2. उत्तम क्षमा धर्म (आत्मा का ए.सी. रूम)
3. उत्तम आर्जव धर्म (रंचक दगा बहुत दु:खदानी)
4. उत्तम मार्दव धर्म (मान महाविष रूप)
5. उत्तम शौच धर्म (लोभ पाप का बाप बखाना)
6. उत्तम सत्य धर्म (सतवादी जग में सुखी)
7. उत्तम संयम धर्म (जिस बिना नहिं जिनराज सीझे)
8. उत्तम तप धर्म (तप चाहे सुरराय)
9. उत्तम त्याग धर्म (निज हाथ दीजे साथ लीजे)
10. उत्तम आकिंचन धर्म (परिग्रह चिंता दु:ख ही मानो)
11. उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म (चेतना का भोग)
12. खुशी के आँसू
13. खोज क्यों रोज-रोज
14. गुरुत्तं भाग 1-15
15. चूको मत
16. जय बजरंगबली
17. जीवन का सहारा
18. ठहरो! ऐसे चलो
19. तैयारी जीत की
20. दशामृत
21. धर्म की महिमा
22. ना मिटना बुरा है न पिटना
23. नारी का धवल पक्ष
24. शायद यही सच है
25. श्रुत निर्झरी
26. सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की शौर्य गाथा
27. सीप का मोती (महावीर जयंती)
28. स्वाती की बूँद

हिंदी गद्य रचना

1. अन्तर्यात्रा
2. अच्छी बातें
3. आज का निर्णय
4. आ जाओ प्रकृति की गोद में
5. आधुनिक समस्यायें प्रमाणिक समाधान
6. आहारदान
7. एक हजार आठ
8. कलम पट्टी बुद्धिका
9. गागर में सागर
10. गुरु कृपा
11. गुरुवर तेरा साथ
12. जिन सिद्धांत महोदधि
13. डॉक्टरों से मुक्ति
14. दान के अचिन्त्य प्रभाव
15. धर्म बोध संस्कार (भाग 1-4)
16. धर्म संस्कार (भाग 1-2)
17. निज अवलोकन
18. वसु विचार
19. वसुनन्दी उवाच
20. मीठे प्रवचन (भाग 1-6)
21. रोहिणी व्रत कथा
22. स्वप्न विचार
23. सद्गुरु की सीख
24. सफलता के सूत्र
25. सर्वोदयी नैतिक धर्म
26. संस्कारादित्य
27. हमारे आदर्श

हिंदी काव्य रचना

1. अक्षरातीत
2. कल्याणी
3. चैन की जिंदगी
4. ना मैं चुप हूँ ना गाता हूँ
5. मुक्ति दूत के मुक्तक
6. हाइकू
7. हीरों का खजाना

विधान रचना

1. कल्याण मंदिर विधान
2. कलिकुण्ड पार्श्वनाथ विधान
3. चौसठऋद्धि विधान
4. णमोकार महार्चना
5. दुःखों से मुक्ति (बृहद् सहस्रनाम महार्चना)
6. यागमंडल विधान
7. समवशरण महार्चना
8. श्री नंदीश्वर विधान
9. श्री सम्मेदशिखर विधान
10. श्री अजितनाथ विधान
11. श्री संभवनाथ विधान
12. श्री पद्मप्रभ विधान
13. श्री चंद्रप्रभ विधान (देहरा तिजारा)
14. श्री चंद्रप्रभ विधान
15. श्री पुष्पदंत विधान
16. श्री शांतिनाथ विधान
17. श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान
18. श्री नेमिनाथ विधान
19. श्री महावीर विधान
20. श्री जम्बूस्वामी विधान
21. श्री भक्तामर विधान
22. श्री सर्वतोभद्र महार्चना

संपादित कृतियाँ (संस्कृत प्राकृत साहित्य

1. आराधना सार (श्रीमद्देवसेनाचार्य जी)
2. आराधना समुच्चय (श्री रविचन्द्राचा
3. आध्यात्म तरंगिणी (आचार्य सोमदेव सूरी जी)
4. कर्म विपाक (आ. श्री सकलकीर्ति ज
5. कर्म प्रकृति (सिद्धांत चक्रवर्ती आ. श्री अभयचंद्र जी)
6. गुणरत्नाकर (रत्नकरण्ड श्रावकाचार) (आ. श्री समंतभद्र स्वामी जी)
7. चार श्रावकाचार संग्रह
8. जिनकल्पि सूत्र (श्री प्रभाचंद्राचार्य ज
9. जिन श्रमण भारती (संकलन-भक्ति, स्तुति, ग्रंथादि)
10. जिन सहस्रनाम स्त्रोत
11. तत्त्वार्थ सार (श्री मदमृताचन्द्राचार्य सूरि)
12. तत्त्वार्थस्य संसिद्धि
13. तत्त्वार्थ सूत्र (आ. श्री उमास्वामी जी)
14. तत्त्वज्ञान तरंगिणी (श्री मद्भट्टारक ज्ञानभूषण जी)
15. तच्च वियारो सारो (आ. श्री वसुनंदी
16. तत्व भावना (आ. श्री अमितगति जी)
17. धर्म रत्नाकर (श्री जयसेनाचार्य जी)
18. धम्म रसायण (आ. श्री पद्मनंदी स्वामी जी)
19. ध्यान सूत्राणि (श्री माघनंदी सूरी)
20. नीतिसार समुच्चय (आ. श्री इंद्रनंदी स्वामी जी)
21. पंच विंशतिका (आ. श्री पद्मनंदी ज
22. प्रकृति समुत्कीर्तन (सिद्धांत चक्रवर्ती श्री नेमीचंद्राचार्य जी)
23 पंचरत्न
24. पुरुषार्थ सिद्ध्युपाय (आ. श्री अमृतचंद्र स्वामी जी)
25. मरणकण्डिका (आ. श्री अमितगति
26. भगवती आराधना (आ. श्री शिवकोटी जी स्वामी)
27. भावत्रयफलप्रदर्शी (आ. श्री कुंथुसा
28. मूलाचार प्रदीप (आ. श्री सकलकीर्ति स्वामी जी)
29. योगामृत (भाग 1-2) (मुनि श्रीबाल
30. योगसार (भाग 1, 2) (मुनि श्री बालचंद्र जी)
31. रयणसार (आ. श्री कुंदकुंद स्वामी)
32. वसुऋद्धि
    - रत्नमाला (आ. श्री शिवकोटि स्वामी जी)
    - पूज्यपाद श्रावकाचार (आ. श्री पूज्यपाद जी)
    - लघु द्रव्य संग्रह (आ. श्री नेमीचंद्र स्वामी जी)
    - अर्हंत प्रवचनम् (आ. श्री प्रभाचंद्र स्वामी जी)
    - स्वरूप संबोधन (आ. श्री अकलंक देव ज
    - इष्टोपदेश (आ. श्री पूज्यपाद स्वामी जी)
    - वैराग्यमणि माला (आ. श्री विशाल कीर्ति
    - ज्ञानांकुश (आ. श्री योगीन्द्र देव)
33. सुभाषित रत्न संदोह (आ. श्री अमितगति स्वामी जी)
34. सिन्दूर प्रकरण (आ. श्री सोमदेव स्व
35. समाधि तंत्र (आ. श्री पूज्यपाद स्वामी जी)
36. समाधि सार (आ. श्री समंतभद्र स्वाम

प्रथमानुयोग साहित्य

1. अमरसेन चरित्र (कविवर माणिक्कराज जी)
2. आराधना कथा कोष (ब्र. श्री नेमीदत्त जी) (भाग 1-2-3)
3. करकण्डु चरित्र (मुनि श्री कनकामर जी)
4. कोटिभट श्रीपाल चरित्र (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
5. गौतम स्वामी चारित्र (मण्डलाचार्य श्री धर्मचंद्र जी)
6. चारूदत्त चरित्र (ब्र. श्री नेमीदत्त जी)
7. चित्रसेन पद्मावती चरित्र (पं. पूर्णमल्ल जी)
8. चेलना चारित्र
9. चंद्रप्रभ चरित्र
10. चौबीसी पुराण
11. जिनदत्त चरित्र (कविवर ब्रह्मराय)
12. त्रिवेणी (संग्रह ग्रंथ)
13. देशभूषण कुलभूषण चरित्र
14. धर्मामृत (भाग 1-2) (श्री नयसेनाचार्य जी)
15. धन्यकुमार चरित्र (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
16. नागकुमार चरित्र (आ. श्री मल्लिषेण जी)
17. नंगानंग कुमार चरित्र (श्रीमान् देवदत्त)
18. प्रभंजन चरित्र (कविवर ब्रह्मराय)
19. पाण्डव पुराण (श्री मदाचार्य शुभचंद्र देव)
20. पार्श्वनाथ पुराण (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
21. पुण्याश्रव कथा कोष (भाग 1-2) (श्री रामचंद्र मुमुक्षु)
22. पुराण सार संग्रह (भाग 1-2) (आ. श्री दामनंदी जी)
23. भरतेश वैभव (कवि रत्नाकर)
24. भद्रबाहु चरित्र
25. मल्लिनाथ पुराण (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
26. महीपाल चरित्र (कविवर श्री चारित्र भूषण)
27. महापुराण (भाग 1-2)
28. महावीर पुराण (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
29. मौनव्रत कथा (आ. श्री श्रीचंद्र स्वामी जी)
30. यशोधर चरित्र
31. रामचरित्र (भाग 1-2) (आ. श्री सोमदेव स्वामी)
32. रोहिणी व्रत कथा
33. व्रत कथा संग्रह
34. वरांग चरित्र (आ. श्री जटासिंह नंदी)
35. विमलनाथ पुराण (श्री ब्रह्मचारीश्वर कृष्णदास जी)
36. वीर वर्धमान चरित्र
37. श्रेणिक चरित्र
38. श्रीपाल चरित्र (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
39. श्री जम्बूस्वामी जी चरित्र (श्री वीर कवि)
40. शांतिनाथ पुराण (भाग 1-2) (कवि असग जी)
41. सप्तव्यसन चरित्र (आ. श्री सोमकीर्ति भट्टारक)
42. सम्यक्त्व कौमुदी
43. सती मनोरमा
44. सीता चरित्र (श्री दयाचंद गोलीय)
45. सुरसुंदरी चरित्र
46. सुलोचना चरित्र
47. सुकुमाल चरित्र
48. सुशीला उपन्यास
49. सुदर्शन चरित्र (पं. गोपालदास बैरया)
50. सुभौम चरित्र
51. हनुमान चरित्र
52. क्षत्र चूड़ामणि (जीवंधर चरित्र)

संपादित हिंदी साहित्य

1. अरिष्ट निवारक त्रय विधान
   - नवग्रह विधान
   - वास्तु निवारण
   - मृत्युंजय (पं. आशाधर जी कृत)
2. श्री जिनसहस्त्रनाम एवं पंचपरमेष्ठी विधान
3. श्री जिनसहस्त्रानाम विधान (लघु) आदि एक नाम अनेक
4. शाश्वत शांतिनाथ ऋद्धि विधान
   - भक्तामर विधान (आ. मानतुंग स्वामी जी (मूल))
   - शांतिनाथ विधान (पं. ताराचंद्र जी)
   - सम्मेदशिखर विधान (पं. जवाहर दास जी)
5. कुरल काव्य (संत तिरुवल्लुवर)
6. तत्त्वोपदेश (छहढ़ाला) (पुं. प्रवर दौलतराम जी)
7. दिव्य लक्ष्य (संकलन-हिंदी पाठ, स्तुति आदि)
8. धर्म प्रश्नोत्तर (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
9. प्रश्नोत्तर श्रावकाचार (आ. श्री सकलकीर्ति जी)
10. भक्तिसागर (चौबीसी चालीसा संग्रह)
11. विद्यानंद उवाच (आ. श्री विद्यानंद जी मुनिराज)
12. सुख का सागर (चौबीसी चालीसा)
13. संसार का अंत
14. स्वास्थ्य बोधामृत

गुरु पद विनयांजली साहित्य

1. अक्षर शिल्पी (मुनि शिवानंद)
2. पगवंदन (मुनि शिवानंद प्रशमानंद)
3. वसुनंदी प्रश्नोत्तरी (मुनि जिनानंद, ऐ. विज्ञान सागर)
4. दृष्टि दृश्यों के पार (आ. श्री वर्धस्वनंदनी, वर्चस्वनंदनी)
5. स्मृति पटल से भाग 1-2 (आ. श्री वर्धस्वनंदनी)
6. अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी (ऐलक विज्ञान सागर)
7. गुरु आस्था (ऐलक विज्ञान सागर)
8. परिचय के गवाक्ष में (ऐलक विज्ञान सागर)
9. स्वर्णोदय (ऐलक विज्ञान सागर)
10. स्वर्ण जन्मजयंती महोत्सव (ऐलक विज्ञान सागर)
11. हस्ताक्षर (ऐलक विज्ञान सागर)
12. वसु सुबंध (महाकाव्य) (प्रो. डॉ. उदयचंद्र जी जैन)
13. समझाया रविन्दु न माना (सचिन जैन 'निकुंज')